Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- बीकानेर में नर्सिंग ऑफिसर पन्द्रह सौ रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 30, जनवरी 2026, शुक्रवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. बीकानेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **रेखा नर्सिंग ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तौलियासर तहसील श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर** को **पन्द्रह सौ रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** नें बताया कि ए. सी.बी. बीकानेर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादिया का ममता कार्ड बनवाने व पूर्व डिलीवरी का डिस्चार्ज सर्टिफिकेट ऑनलाईन करने की एवज में रेखा नर्सिंग ऑफिसर पन्द्रह सौ रूपये रिश्वत की मांग कर रही है।

जिस पर एसीबी बीकानेर रेन्ज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भुषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. बीकानेर **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री जयकुमार** मय ट्रेप दल के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिया रेखा नर्सिंग ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तौलियासर तहसील श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर को पन्द्रह सौ रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के **महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में आरोपिया से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।